**Series SOS/2**

Code No. **61/2/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **16** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# HISTORY
# इतिहास

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

***General Instructions :***

(i) *Answer **all** the questions. Marks are indicated against each question.*

(ii) *Answers to questions carrying **2** marks (Part A – Questions no. 1 to 5) should not exceed **30** words each.*

(iii) *Answers to questions carrying **5** marks (Part B – Section I, II, III – Questions no. 6 to 16) should not exceed **100** words each.*

(iv) *Answers to questions carrying **8** marks (Part C – Questions no. 17 and 18) should not exceed **250** words each.*

(v) *Part D has questions based on three sources.*

(vi) *Attach the maps with the answer scripts (Part E).*

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं ।

(ii) **2** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड क – प्रश्न सं. 1 से 5) का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iii) **5** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड ख – भाग I, II, III – प्रश्न सं. 6 से 16) का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iv) **8** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड ग – प्रश्न सं. 17 और 18) का उत्तर **250** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) खण्ड घ के प्रश्न तीन स्रोतों पर आधारित हैं ।

(vi) मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए (खण्ड य) ।

## PART A
## खण्ड क

*Answer **all** the questions given below.*
*नीचे दिए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

1. How was the exchange of goods regulated under the Harappans ? Give two examples. *2*

हड़प्पावासियों के अन्तर्गत वस्तु विनिमय किस प्रकार नियंत्रित होता था ? दो उदाहरण दीजिए ।

2. Mention any two fundamental differences in the ownership of land between India and Europe. 2

भारत तथा यूरोप में भूमि के स्वामित्व के संदर्भ में किन्हीं दो मूलभूत भिन्नताओं का उल्लेख कीजिए ।

3. How did the Chistis spend the collected donations ? 2

चिश्ती एकत्रित दान को किस प्रकार खर्च करते थे ?

4. When cotton from the American South stopped coming into the international market during the American Civil War of 1861, how did it affect India ? 2

जब अमेरिका के 1861 के गृह युद्ध के दौरान अमेरिका के दक्षिणी भाग से आने वाली कपास अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ार में आनी बन्द हो गई, तो इसका भारत पर क्या प्रभाव पड़ा ?

5. Why did Jinnah give a call for 'Direct Action Day' ? What happened in Calcutta on $16^{th}$ of August 1946 ? 2

जिन्ना ने 'प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस' का आह्वान क्यों किया ? 16 अगस्त 1946 को कलकत्ता में क्या घटना घटी ?

## PART B
## खण्ड ख

### SECTION I
### भाग I

*Answer any **three** of the following questions.*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

6. "In the case of Vaishnavism, cults developed around various Avtars or incarnations of the deity." Examine the statement. 5

"वैष्णववाद में अनेक अवतारों के इर्द-गिर्द पूजा पद्धतियाँ विकसित हुईं ।" इस कथन की समालोचना कीजिए ।

7. Describe the growth of the 'Mahabharata' as a dynamic text. 5

'महाभारत' के एक गतिशील ग्रंथ के रूप में हुए विकास का वर्णन कीजिए ।

8. "According to Shastras only Kshatriyas could be kings." Critically examine the statement. 5

"शास्त्रों के अनुसार केवल क्षत्रिय ही राजा बन सकते थे ।" इस कथन की तर्कसंगत समीक्षा कीजिए ।

9. Explain the role of the rulers of Bhopal, particularly Shahjehan Begum in funding and preserving the ancient sites of Sanchi. 5

भोपाल के शासकों, विशेष रूप से शाहजहाँ बेगम की, साँची के प्राचीन क्षेत्र के रख-रखाव तथा आर्थिक सहयोग करने में भूमिका की व्याख्या कीजिए ।

## SECTION II
## भाग II

*Answer any **two** of the following questions.*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

10. "Some of the more distinctive structures in the area of the Royal Centre in Vijayanagara had been assigned names based on the form of the buildings as well as their functions." Support the statement with suitable examples. 5

"विजयनगर के राजकीय केन्द्र क्षेत्र की कुछ अधिक विशिष्ट संरचनाओं का नामकरण भवनों के आकार और साथ ही उनके कार्यों के आधार पर किया गया था ।" इस कथन का उचित उदाहरण देकर समर्थन कीजिए ।

11. Describe the attitude of all the Mughal emperors towards the maintenance of places of worship and buildings. 5

सभी मुगल बादशाहों का उपासना स्थलों व भवनों के रख-रखाव के प्रति क्या दृष्टिकोण था ? वर्णन कीजिए ।

12. Explain how the distinction was maintained between the wives who came from royal and aristocratic families and other wives who were not so noble by birth, under the Mughals. 5

मुगल परिवार में शाही परिवारों से आने वाली स्त्रियों तथा साधारण परिवारों से आने वाली स्त्रियों में रखे जाने वाले अन्तर को स्पष्ट कीजिए ।

## SECTION III
## भाग III

*Answer any **three** of the following questions.*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

13. Explain how the power of Jotedars was more effective than that of Zamindars in the villages. 5

गाँवों में जोतेदारों की शक्ति ज़मींदारों की ताकत की अपेक्षा अधिक प्रभावशाली कैसे थी ? स्पष्ट कीजिए ।

**14.** "The proclamations completely rejected everything associated with British rule." Justify the statement with reference to Azamgarh proclamation. *5*

"विभिन्न घोषणाओं में ब्रिटिश राज से सम्बन्धित हर चीज़ को पूरी तरह ख़ारिज़ किया जा रहा था ।" आज़मगढ़ की घोषणा के संदर्भ में इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

**15.** Explain the changes which came with the presence of the emperor and noblemen in the new towns. *5*

नए केन्द्रों में सम्राट और कुलीन वर्ग की उपस्थिति के कारण आए परिवर्तनों को समझाइए ।

**16.** "Migration in Bengal was more protracted with people moving across a porous border, during the 1950s and early 1960s." Critically examine the statement. *5*

"बंगाल में महापलायन 1950 और 1960 के प्रारम्भिक दशक में अधिक लम्बे समय तक चलता रहा । लोग ढीली-ढाली अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के आर-पार जाते रहे ।" इस कथन की तर्कसंगत समीक्षा कीजिए ।

## PART C

## खण्ड ग

**17.** Explain the role of the village artisans in the village economy during $16^{th}$ and $17^{th}$ centuries. *8*

**OR**

Explain how women were considered an important resource in agrarian society during $16^{th}$ and $17^{th}$ centuries.

सोलहवीं तथा सत्रहवीं शताब्दी के दौरान ग्रामीण दस्तकारों की गाँवों की अर्थव्यवस्था में क्या भूमिका थी ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

सोलहवीं तथा सत्रहवीं शताब्दी के दौरान कृषि समाज में महिलाओं को एक महत्त्वपूर्ण संसाधन के रूप में कैसे देखा जाता था ? स्पष्ट कीजिए ।

**18.** Explain how 'Mahatma Gandhi's mass appeal was undoubtedly genuine'. *8*

**OR**

Explain how 'Quit India Movement' was genuinely a mass movement.

'महात्मा गाँधी का जन अनुरोध निःसन्देह कपट से मुक्त था ।' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

'भारत छोड़ो आन्दोलन' सही अर्थों में एक जन आन्दोलन था । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

## PART D (Source Based Questions)

## खण्ड घ (स्रोत आधारित प्रश्न)

*Read the following extracts (questions no. 19 to 21) carefully and answer the questions that follow.*

*निम्नलिखित अनुच्छेदों (प्रश्न सं. 19 से 21) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनके अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**19. In praise of Samudragupta**

This is an excerpt from the *Prayaga Prashasti* :

> He was without an antagonist on earth; he, by the overflowing of the multitude of (his) many good qualities adorned by hundreds of good actions, has wiped off the fame of other kings with the soles of (his) feet; (he is) *Purusha* (the Supreme Being), being the cause of the prosperity of the good and the destruction of the bad (he is) incomprehensible; (he is) one whose tender heart can be captured only by devotion and humility; (he is) possessed of compassion; (he is) the giver of many hundred-thousands of cows; (his) mind has received ceremonial initiation for the uplift of the miserable, the poor, the forlorn and the suffering; (he is) resplendent and embodied kindness to mankind; (he is) equal to (the gods) Kubera (the god of wealth), Varuna (the god of the ocean), Indra (the god of rains) and Yama (the god of death)...

(i) Explain why Samudragupta was without an antagonist. *2*

(ii) Why was he called Parmatma-purusha ? *1*

(iii) How could his tender heart be captured ? *3*

(iv) With whom has he been considered equal and why ? *2*

**OR**

**Prabhavati Gupta and the village of Danguna**

This is what Prabhavati Gupta states in her inscription :

> Prabhavati Gupta ... commands the *gramakutumbinas* (householders/ peasants living in the village), Brahmanas and others living in the village of Danguna ...
>
> "Be it known to you that on the twelfth (lunar day) of the bright (fortnight) of Karttika, we have, in order to increase our religious merit donated this village with the pouring out of water, to the Acharya (teacher) Chanalasvamin ... You should obey all (his) commands ...
>
> We confer on (him) the following exemptions typical of an *agrahara* ... (this village is) not to be entered by soldiers and policemen; (it is) exempt from (the obligation to provide) grass, (animal) hides as seats, and charcoal (to touring royal officers); exempt from (the royal prerogative of) purchasing fermenting liquors and digging (salt); exempt from (the right to) mines and *khadira* trees; exempt from (the obligation to supply) flowers and milk; (it is donated) together with (the right to) hidden treasures and deposits (and) together with major and minor taxes ..."
>
> This charter has been written in the thirteenth (regnal) year. (It has been) engraved by Chakradasa.

(i) Who was Prabhavati Gupta ? *2*

(ii) Explain why and to whom she donated the village. *2*

(iii) Explain the exemptions conferred on Acharya. *4*

**समुद्रगुप्त की प्रशस्ति**

यह *प्रयाग प्रशस्ति* का एक अंश है :

> धरती पर उनका कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं था । अनेक गुणों और शुभकार्यों से सम्पन्न उन्होंने अपने पैर के तलवे से अन्य राजाओं के यश को मिटा दिया है । वे परमात्मा पुरुष हैं, साधु (भले) की समृद्धि और असाधु (बुरे) के विनाश के कारण हैं । वे अज्ञेय हैं । उनके कोमल हृदय को भक्ति और विनय से ही वश में किया जा सकता है । वे करुणा से भरे हुए हैं । वे अनेक सहस्त्र गायों के दाता हैं । उनके मस्तिष्क की दीक्षा दीन-दुखियों, विरहणियों और पीड़ितों के उद्धार के लिए की गई है । वे मानवता के लिए दिव्यमान उदारता की प्रतिमूर्ति हैं । वे देवताओं में कुबेर (धन-देव), वरुण (समुद्र-देव), इंद्र (वर्षा के देवता) और यम (मृत्यु-देव) के तुल्य हैं ।

(i) स्पष्ट कीजिए कि समुद्रगुप्त प्रतिद्वंद्वी विहीन क्यों था ।

(ii) समुद्रगुप्त को परमात्मा-पुरुष क्यों कहा गया है ?

(iii) उनके कोमल हृदय को कैसे जीता जा सकता था ?

(iv) उसे किसके समान कहा गया है और क्यों ?

## अथवा

**प्रभावती गुप्त और दंगुन गाँव**

प्रभावती गुप्त ने अपने अभिलेख में यह कहा है :

> प्रभावती गुप्त ग्राम कुटुंबिनों (गाँव के गृहस्थ और कृषक), ब्राह्मणों, और दंगुन गाँव के अन्य वासियों को आदेश देती है ...
>
> "आपको ज्ञात हो कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को धार्मिक पुण्य प्राप्ति के लिए इस ग्राम को जल अर्पण के साथ आचार्य चनालस्वामी को दान किया गया है । आपको इनके सभी आदेशों का पालन करना चाहिए ।
>
> एक *अग्रहार* के लिए उपयुक्त निम्नलिखित रियायतों का निर्देश भी देती हूँ । इस गाँव में पुलिस या सैनिक प्रवेश नहीं करेंगे । दौरे पर आने वाले शासकीय अधिकारियों को यह गाँव घास देने और आसन में प्रयुक्त होने वाली जानवरों की खाल और कोयला देने के दायित्व से मुक्त है । साथ ही वे मदिरा खरीदने और नमक हेतु खुदाई करने के राजसी अधिकार को कार्यान्वित किए जाने से मुक्त हैं । इस गाँव को खनिज-पदार्थ और *खदिर* वृक्ष के उत्पाद देने से भी छूट है । फूल

और दूध देने से भी छूट है । इस गाँव का दान इसके भीतर की संपत्ति और बड़े-छोटे सभी करों सहित किया गया है ।"

इस राज्यादेश को 13वें राज्य वर्ष में लिखा गया है और इसे चक्रदास ने उत्कीर्ण किया है ।

(i) प्रभावती गुप्त कौन थी ?

(ii) उन्होंने क्यों और किसको ग्राम दान किया ?

(iii) आचार्य को दी गई रियायतों की व्याख्या कीजिए ।

**20. The system of varnas**

This is Al-Biruni's account of the system of varnas :

> The highest caste are the Brahmana, of whom the books of the Hindus tell us that they were created from the head of Brahman. And as the Brahman is only another name for the force called *nature*, and the head is the highest part of the ... body, the Brahmana are the choice part of the whole genus. Therefore the Hindus consider them as the very best of mankind.
>
> The next caste are the Kshatriya, who were created, as they say, from the shoulders and hands of Brahman. Their degree is not much below that of the Brahmana.
>
> After them follow the Vaishya, who were created from the thigh of Brahman.
>
> The Shudra, who were created from his feet ...
>
> Between the latter two classes there is no very great distance. Much, however, as these classes differ from each other, they live together in the same towns and villages, mixed together in the same houses and lodgings.

(i) Why are the Brahmanas considered the highest caste of mankind ? *2*

(ii) Explain the basis of the caste system. *3*

(iii) Describe briefly the duties of the Brahmanas and Kshatriyas. *3*

**OR**

**A different socio-economic scenario**

Read this excerpt from Bernier's description of both agriculture and craft production :

> It is important to observe, that of this vast tract of country, a large portion is extremely fertile; the large kingdom of Bengale (Bengal), for instance, surpassing Egypt itself, not only in the production of rice, corn, and other necessaries of life, but of innumerable articles of commerce which are not cultivated in Egypt; such as silks, cotton, and indigo. There are also many parts of the Indies, where the population is sufficiently abundant, and the land pretty well tilled; and where the artisan, although naturally indolent, is yet compelled by necessity or otherwise to employ himself in manufacturing carpets, brocades, embroideries, gold and silver cloths, and the various sorts of silk and cotton goods, which are used in the country or exported abroad.
>
> It should not escape notice that gold and silver, after circulating in every other quarter of the globe, come at length to be swallowed up, lost in some measure, in Hindustan.

(i) Explain the observations of Bernier about the agriculture in Bengal. *3*

(ii) Give the description of craft production in India. *3*

(iii) How did India acquire the gold and silver from other quarters of the globe ? *2*

**वर्ण व्यवस्था**

अल-बिरूनी वर्ण व्यवस्था का इस प्रकार उल्लेख करता है :

> सबसे ऊँची जाति ब्राह्मणों की है जिनके विषय में हिंदुओं के ग्रंथ हमें बताते हैं कि वे ब्रह्मन् के सिर से उत्पन्न हुए थे और क्योंकि ब्रह्म, *प्रकृति* नामक शक्ति का ही दूसरा नाम है, और सिर... शरीर का सबसे ऊपरी भाग है, इसलिए ब्राह्मण पूरी प्रजाति के सबसे चुनिंदा भाग हैं । इसी कारण से हिंदू उन्हें मानव जाति में सबसे उत्तम मानते हैं ।
>
> अगली जाति क्षत्रियों की है जिनका सृजन, ऐसा कहा जाता है, ब्रह्मन् के कंधों और हाथों से हुआ था । उनका दर्जा ब्राह्मणों से अधिक नीचे नहीं है ।
>
> उनके पश्चात् वैश्य आते हैं जिनका उद्‌भव ब्रह्मन की जंघाओं से हुआ था ।
>
> शुद्र, जिनका सृजन उनके चरणों से हुआ था ।
>
> अंतिम दो वर्गों के बीच अधिक अंतर नहीं है । लेकिन इन वर्गों के बीच भिन्नता होने पर भी ये एक साथ एक ही शहरों और गाँवों में रहते हैं, समान घरों और आवासों में मिल-जुल कर ।

(i) ब्राह्मणों को मानव जाति में सर्वोच्च जाति क्यों माना जाता है ?

(ii) जाति व्यवस्था के आधार की व्याख्या कीजिए ।

(iii) ब्राह्मणों तथा क्षत्रियों के कर्त्तव्यों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

**एक भिन्न सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य**

बर्नियर के वृत्तांत से लिए गए इस उद्धरण को पढ़िए जिसमें कृषि तथा शिल्प-उत्पादन दोनों का विवरण दिया गया है :

> यह ध्यान देना आवश्यक है कि इस देश के विस्तृत भू-भाग का अधिकांश भाग अत्यधिक उपजाऊ है; उदाहरण के लिए, बंगाल का विशाल राज्य जो मिस्र से न केवल चावल, मकई तथा जीवन की अन्य आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन में, बल्कि उन अनगिनत वाणिज्यिक वस्तुओं के संदर्भ में, जो मिस्र में भी नहीं उगाई जातीं, जैसे रेशम, कपास तथा नील कहीं आगे हैं । भारत के कई ऐसे भाग भी हैं जहाँ जनसंख्या पर्याप्त है और भूमि पर खेती अच्छी होती है; और जहाँ एक शिल्पकार जो हालाँकि मूल रूप से आलसी होता है, आवश्यकता से या किसी अन्य कारण से अपने आप को गलीचों, ज़री, कसीदाकारी कढ़ाई, सोने और चाँदी

के वस्त्रों, तथा विभिन्न प्रकार के रेशम तथा सूती वस्त्रों, जो देश में भी प्रयोग होते हैं और विदेश में निर्यात किए जाते हैं, के निर्माण का कार्य करने के लिए बाध्य हो जाता है ।

यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पूरे विश्व के सभी भागों में संचलन के पश्चात् सोना और चाँदी भारत में आकर कुछ हद तक खो जाता है ।

(i) बंगाल की कृषि के बारे में बर्नियर के वृत्तान्त की व्याख्या कीजिए ।

(ii) भारत में शिल्प उत्पादन के बारे में विवरण दीजिए ।

(iii) भारत ने भूमण्डल के अन्य क्षेत्रों से सोना और चाँदी किस प्रकार प्राप्त कर लिया ?

**21. "No, no ! You can never be ours"**

This is the third story the researcher related :

I still vividly remember a man I met in Lahore in 1992. He mistook me to be a Pakistani studying abroad. For some reason he liked me. He urged me to return home after completing my studies to serve the *qaum* (nation). I told him I shall do so but, at some stage in the conversation, I added that my citizenship happens to be Indian. All of a sudden his tone changed, and much as he was restraining himself, he blurted out,

"Oh Indian ! I had thought you were Pakistani." I tried my best to impress upon him that I always see myself as South Asian. "No, no ! You can never be ours. Your people wiped out my entire village in 1947, we are sworn enemies and shall always remain so."

(i) Why did the man in Lahore in 1992 ask the researcher to return home after completion of his studies ? Explain. *2*

(ii) How did the person react on knowing that the researcher was an Indian ? *3*

(iii) Explain why the relationship between Muslims of Pakistan and Indians were not amicable. *3*

**OR**

**A small basket of grapes**

This is what Khushdeva Singh writes about his experience during one of his visits to Karachi in 1949.

> My friends took me to a room at the airport where we all sat down and talked ... (and) had lunch together. I had to travel from Karachi to London ... at 2.30 a.m. ... At 5.00 p.m. ... I told my friends that they had given me so generously of their time, I thought it would be too much for them to wait the whole night and suggested they must spare themselves the trouble. But nobody left until it was dinner time ... Then they said they were leaving and that I must have a little rest before emplaning. ... I got up at about 1.45 a.m. and, when I opened the door, I saw that all of them were still there ... They all accompanied me to the plane, and, before parting, presented me with a small basket of grapes. I had no words to express my gratitude for the overwhelming affection with which I was treated and the happiness this stopover had given me.

(i) Give a brief introduction of Dr. Khushdeva Singh. *2*

(ii) Describe how he served the people of Dharampur. *2*

(iii) Explain his feelings about his friends who had come to see him off at Karachi. *2*

(iv) Explain the feelings of Dr. Khushadeva Singh when he was presented a small basket of grapes. *2*

**''ना, नहीं ! तुम कभी हमारे नहीं हो सकते''**

शोधकर्ता की तीसरी घटना इस प्रकार है :

> मुझे अभी भी 1992 में लाहौर में मिले एक आदमी की बहुत अच्छी तरह याद है । वह ग़लती से मुझे विदेश में पढ़ने वाला पाकिस्तानी समझ बैठा था । जाने किस वजह से वह मुझे पसंद करने लगा था । वह मुझसे अनुरोध कर रहा था कि पढ़ाई पूरी करके मैं क़ौम की ख़िदमत करने के लिए वापस लौट आऊँ । मैंने कहा कि मैं लौटूँगा, लेकिन बातचीत के दौर में मैंने जब बताया कि मैं भारत का नागरिक हूँ तो एकदम से उसका लहजा बदल गया और अपने आपको भरसक रोकते-रोकते भी उसके मुँह से निकल गया,

"ओह, हिन्दुस्तानी, मैं समझा था आप पाकिस्तानी हैं ।" मैंने उसे समझाने की पूरी कोशिश की कि मैं अपने आपको दक्षिण एशियाई मानता हूँ, पर वह अड़ा रहा, "ना, नहीं ! तुम कभी हमारे नहीं हो सकते । तुम्हारे लोगों ने 1947 में मेरा पूरा गाँव-का-गाँव साफ़ कर दिया था । हम कट्टर दुश्मन हैं, और हमेशा रहेंगे ।"

(i) 1992 में लाहोर में एक व्यक्ति ने शोधकर्ता से अपनी शोध समाप्त करने के पश्चात् घर वापस लौटने के लिए क्यों कहा ? स्पष्ट कीजिए ।

(ii) यह जानकर कि शोधकर्ता भारतीय है उसने क्या प्रतिक्रिया दिखाई ?

(iii) पाकिस्तान के मुसलमानों तथा भारतीयों में सम्बन्ध सौहार्दपूर्ण क्यों नहीं हैं ? व्याख्या कीजिए ।

## अथवा

**अंगूरों की एक छोटी सी टोकरी**

कराची हवाई अड्डे पर 1949 में हुई मुलाक़ात का ब्योरा : डॉ. ख़ुशदेव सिंह की ज़बानी :

मेरे दोस्त मुझे हवाई अड्डे के एक कमरे में ले गए जहाँ हम सब बैठकर गपशप करने लगे... (और) साथ ही दोपहर का खाना भी खाया । मुझे कराची से रात 2.30 बजे की उड़ान से लंदन जाना था ।... शाम को 5.00 बजे... मैंने अपने दोस्तों से निवेदन किया कि उन्होंने बड़ी फ़राख़दिली से मुझे अपना समय दिया है । मेरी समझ से अब उनसे सारी रात रुकने की उम्मीद करना तो बड़ी ज़्यादती होगी और वे यह तकलीफ़ न ही उठाएँ । मगर रात के खाने तक कोई भी नहीं उठा... फिर उन्होंने कहा कि वे लोग जा रहे हैं और मैं जहाज़ पर चढ़ने से पहले थोड़ा आराम कर लूँ ।... मैं रात के क़रीब पौने दो बजे उठा और जब दरवाज़ा खोला तो पाया कि वे सबके सब तब तक वहीं थे ।... वे सब जहाज़ तक मेरे साथ आए और बिछुड़ने के पहले उन्होंने मुझे अंगूरों की एक छोटी सी टोकरी भेंट की । मेरे लिए प्यार के इस उमड़ते सैलाब और इस पड़ाव से मुझे मिली ख़ुशी के लिए कृतज्ञता व्यक्त करने को मेरे पास शब्द नहीं थे ।

(i) डॉ. ख़ुशदेव सिंह का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(ii) उन्होंने धर्मपुर के निवासियों की सेवा किस प्रकार की ? वर्णन कीजिए ।

(iii) कराची में उन्हें छोड़ने आने वाले मित्रों के बारे में उनकी क्या भावनाएँ थीं ? स्पष्ट कीजिए ।

(iv) डॉ. ख़ुशदेव सिंह की, जब उन्हें अंगूर की पेटी भेंट की, तो उनकी क्या भावनाएँ उभरीं ? स्पष्ट कीजिए ।

## PART E
## खण्ड य

**22.** On the given political outline map of **India** (on page 17) mark and label the following mahajanpadas and cities : *5*

Koshala, Avanti, Gandhara, Taxila and Kuru.

**OR**

On the given political outline map of **India** (on page 17) mark and label the following : *5*

Any five territories under Babur, Akbar and Aurangzeb.

**भारत** के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) पर निम्नलिखित महाजनपदों/नगरों को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

कौशल, अवन्ति, गांधार, तक्षिला तथा कुरु ।

**अथवा**

**भारत** के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए और नाम लिखिए :

बाबर, अकबर व औरंगज़ेब के अन्तर्गत कोई पाँच क्षेत्र ।

**23.** On the given political outline map of **India** (on page 19) five important centres of the Revolt of 1857 have been marked as 1, 2, 3, 4, 5. Identify them and write their names on the lines drawn near them. *5*

**भारत** के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) पर 1857 के विद्रोह के पाँच महत्त्वपूर्ण केन्द्र 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किए गए हैं । उन्हें पहचानिए तथा उनके नाम उनके समीप खिंची हुई रेखा पर लिखिए ।

**Note :** *The following questions are only for the* ***Blind Candidates*** *in lieu of the map questions (Q. No. 22 and 23).*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए मानचित्र प्रश्न (प्र. सं. 22 और 23) के स्थान पर हैं ।*

**22.** Name any five Harappan sites. *5*

किन्हीं पाँच हड़प्पा स्थलों के नाम लिखिए ।

**23.** Name any five centres of the Revolt of 1857. *5*

1857 के विद्रोह के किन्हीं पाँच केन्द्रों के नाम लिखिए ।

## Outline Map of India (Political)

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

